# BSNL EMPLOYEES UNION

Central Head Quarters

Ph.: 011-25705385
Fax : 011-25894862

BSNLEU

**Animesh Chandra Mitra**
General Secretary

Main Recognised Representative Union.
Dada Ghosh Bhawan, 2151/1, New Patel Nagar,
Opp. Shadipur Bus Depot, New Delhi-110008
E-mail : bsnleuchq@gmail.com, Website : www.bsnleu.in


बीएसएनएलईयू/102 (परिपत्र सं. 09/2025–28) 20 जून, 2026

सेवा में,

सीएचक्यू पदाधिकारीगण,
बीएसएनएलईयू के सर्किल एवं जिला सचिवगण।

## *सीईसी सदस्यों के समक्ष तात्कालिक कार्य – अखिल भारतीय केन्द्र एवं समन्वय समिति की बैठक में गंभीर विचार–विमर्श*

कामरेड्स,

अखिल भारतीय केन्द्र की बैठक में गंभीर विचार–विमर्श किया गया, जिसमें केंद्रीय सचिवमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों की भी समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त, 19.06.2026 को बीएसएनएल समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। दोनों बैठकों में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सभी सीईसी सदस्यों से अनुरोध है कि नीचे दिए गए निर्णयों एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें:–

**1. तीसरे पीआरसी का मुद्दाः** वेतन संशोधन के प्रश्न पर आगामी मानसून सत्र के दौरान संसद मार्च आयोजित करने की तैयारी प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया है। यह कार्यक्रम अधिमानतः जुलाई के अंतिम सप्ताह अथवा अगस्त के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। पहले एयूएबी के अंतर्गत इस संबंध में निर्णय लेने का प्रयास किया जाएगा, जिसके पश्चात सीओसी अंतिम निर्णय करेगा।

**2. सदस्यता सत्यापनः** बीएसएनएल कॉर्पोरेट कार्यालय ने बिना किसी अतिरिक्त विस्तार के अगला सदस्यता सत्यापन कराने का निर्णय लिया है। यद्यपि 10वें सदस्यता सत्यापन की पूरी प्रक्रिया अभी अंतिम रूप में तय नहीं हुई है, तथापि स्विचओवर सदस्यता प्रक्रिया 16.06.2026 से 15.07. 2026 तक प्रारम्भ हो चुकी है। इस महत्वपूर्ण अवधि में सभी सीईसी सदस्य अपने सदस्यों के साथ निरंतर निकट संपर्क बनाए रखें।

**3. क्यूबा के समर्थन में एकजुटता अभियानः** डब्ल्यूएफटीयू एवं टीयूआई ने अमेरिकी साम्राज्यवाद द्वारा क्यूबा पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंध के विरुद्ध क्यूबा के समर्थन में डिजिटल हस्ताक्षर अभियान प्रारम्भ किया है। इस पहल के समर्थन में बीएसएनएल कर्मचारियों को संगठित करने हेतु बीएसएनएलईयू 22 जून से 27 जून, 2026 तक एक सप्ताह का अभियान चलाएगा। डिजिटल हस्ताक्षर हेतु लिंक हैः firmoporcuba.com

**4. राष्ट्रीय मांग दिवस – 01.07.2026:** बीएसएनएल प्रबंधन अभी भी नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों की उपेक्षा कर रहा है, जिनमें वहनीयता (अफोर्डेबिलिटी) क्लॉज से रियायत, नई पदोन्नति नीति, पर्क्स एवं भत्तों का संशोधन, 30 प्रतिषत एसएबी अंशदान, एलआईसीई, रूल–8/रूल–9 स्थानांतरण आदि शामिल हैं। 01.07.2026 को ''राष्ट्रीय मांग दिवस'' मनाया जाएगा तथा सीएमडी, बीएसएनएल को संबोधित ज्ञापन संबंधित जीएम/सीजीएम के माध्यम से प्रस्तुत किए जाएंगे। इस अभियान के लिए विषय से संबंधित एक पोस्टर जिला सचिवों को भेज दिया गया है।

**5. विजयवाड़ा में सीईसी बैठकः** अगली सीईसी बैठक 05 एवं 06 जुलाई, 2026 को विजयवाड़ा में आयोजित होगी। तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश सर्किल यूनियनों के नेतृत्व में बैठक की तैयारियाँ सुचारु रूप से चल रही हैं। यद्यपि कुछ सर्किल यूनियनों ने प्रारम्भ में भाग लेने में कठिनाइयाँ व्यक्त की थीं, फिर भी सीएचक्यू ने बैठक के महत्व को देखते हुए सभी से अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

**6. संगठनात्मक विषयः** सीएचक्यू को प्राप्त विभिन्न संगठनात्मक मामलों एवं आवेदनों पर आगामी सीईसी बैठक में विचार–विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

**7. तात्कालिक कार्य – बीएसएनएल समन्वय समिति की बैठकों का आयोजनः** बीएसएनएल समन्वय समिति 19.06.2026 को हुई अपनी बैठक के निर्णयों पर पृथक परिपत्र जारी करेगी। इस बीच, सभी सीईसी सदस्य एआईबीडीपीए एवं बीएसएनएलसीसीडब्ल्यूएफ के साथ परामर्श करके सर्किल स्तर पर समन्वय समिति की बैठकें तत्काल आयोजित कराने की पहल करें। सर्किल सचिवों से अनुरोध है कि इन बैठकों के परिणामों की संक्षिप्त रिपोर्ट अगली सीईसी बैठक में प्रस्तुत करें।

सभी सीईसी सदस्यों से अनुरोध है कि इन निर्णयों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक पहल करें।

सधन्यवाद।

क्रांतिकारी अभिवादन सहित,

(अनिमेष चंद्र मित्रा)
महासचिव